हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

(अष्टम् सत्र)

लिखित उत्तर हेतु प्रश्न

सोमवार, 30 मार्च, 2015/9 चैत्र, 1937 (शक्)

[**सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - वन मंत्री - शहरी विकास मंत्री तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री**].

कुल प्रश्न - 8

नागरिक अस्पताल बैजनाथ

834 **श्री किशोरी लाल (बैजनाथ)ः**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) गत 2 वर्षों में सिविल अस्पताल बैजनाथ की मरम्मत, रंग-रोगन, रख-रखाव पर कितनी धनराशि व्यय हुई; ब्यौरा दें;

(ख) यह कार्य किस-किस ठेकेदार के द्वारा करवाया गया; ब्यौरा नाम सहित दें;

(ग) इस सिविल अस्पताल में गठित रोगी कल्याण समिति की बैठकों की अध्यक्षता किसने की तथा किस-किस कार्य के लिए धनराशि पारित की गई; नाम सहित ब्यौरा दें; और

(घ) अन्य निर्माणाधीन भवनों हेतु कब तक धन उपलब्ध करवा दिया जाएगा ?

संयन्त्र/मशीनरी की नीलामी

835 **श्री किशोरी लाल (बैजनाथ)ः**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-
(क) यह सत्य है कि गुम्मा कार्टन फैक्ट्री (AIPL) द्वारा सयंत्र/मशीनरी को नीलामी से पूर्व अनुपयोगी घोषित किया गया था और संयन्त्रों की नीलामी से पूर्व क्या तकनीकी कमेटी का गठन किया गया था;

(ख) यदि हां, तो गठन की तिथि सदस्यों के नाम एवं रिपोर्ट/कार्यवाही की प्रति सभा

पटल पर रखें;

(ग) इस हेतु Tender कब आमन्त्रित किए गए व कब खोले गए और मशीनरी को वहां से कब उठाया गया; विवरण दें; और

(घ) यह सत्य है कि राज्य सतर्कता विभाग द्वारा उपरोक्त संयन्त्रों की नीलामी की प्रक्रिया के सम्बन्ध में विभाग/ निगम को Clean chit दे दी गई है; यदि हां, तो क्या सतर्कता विभाग ने उपरोक्त तथ्यों का संज्ञान लिया था; ब्यौरा दें ?

Latest Position of Works

836 **Smt. Sarveen Chaudhary (Shahpur):**

Will the **Irrigation & Public Health Minister** be pleased to state that from 1.1.2013 to 31.1.2015 how many DPRs have been prepared by the Horticulture Department under Shahpur Assembly Constituency and what is the latest position of these works ?

हैण्ड पम्पों की स्थापना

837 **श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-
(क) दिनांक 1 मार्च, 2014 से 15 फरवरी, 2015 तक नाचन विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत कितने हैण्ड पम्प लगाए गए हैं; ब्यौरा पंचायत व स्थान का मण्डलवार दें; और

(ख) इस चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत N.T.P.C द्वारा कितने हैण्ड पम्प लगाए गए हैं और कहां-कहां; ब्यौरा दें ?

मजदूरों का नियमितीकरण

838 **श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) गत तीन वर्षों में वन विभाग के अन्तर्गत सुकेत वन मण्डल के जै देवी वन परिक्षेत्र तथा नन्दगढ़ ब्लॉक में कितने दैनिक वेतन भोगी मजदूरों को नियमित किया गया; ब्यौरा नाम व वरिष्ठता सहित दें;

(ख) सरकार शेष बचे दैनिक वेतन भोगियों को कब तक नियमित करने का विचार रखती है;

(ग) यह सत्य है कि वन विभाग के अन्तर्गत दैनिक वेतन भोगियों को एक वर्ष से वेतन नहीं

मिल रहा है; यदि हां, तो ब्यौरा कारणों सहित दें; और

(घ) सुकेत वन मण्डल के अन्तर्गत कितने दैनिक वेतन भोगी हैं; जिन्हें वेतन नहीं मिला है; ब्यौरा नाम सहित दें ?

उठाऊ पेयजल योजना

839 **श्री विनोद कुमार (नाचन) :**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) नाचन विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत उठाऊ पेयजल योजना कोट चुनाहन के निर्माण कार्य को कब पूर्ण किया गया तथा इस योजना के अन्तर्गत कितने गांव लाभान्वित हुए; ब्यौरा दें; और

(ख) वर्तमान में उठाऊ सिंचाई योजना जोन नं0-5, स्टेज-II से कितने गांवों को पानी की सुविधा मिल रही है; ब्यौरा लाभान्वित गांवों के परिवार सहित दें?

लोक मित्र केन्द्र

840 **श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली)ः**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वर्तमान में जिला कुल्लू की विभिन्न तहसीलों के लोक मित्र केन्द्रों में राजस्व रिकॉर्ड उपलब्ध है; और

(ख) यदि नहीं, तो कब तक उपलब्ध करवा दिया जाएगा ?

सड़क निर्माण

841 **श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात)ः**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में भटियात विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत वन विभाग द्वारा कितनी जीप योग्य सड़कें बनाई गई; इनकी वर्तमान स्थिति क्या है; और

(ख) इन सड़कों के नाम, उन पर खर्च की गई अनुमानित राशि तथा प्रति वर्ष उनके रख-रखाव के लिए कितना धन स्वीकृत किया जाता है; ब्यौरा सड़क के नाम सहित दें ?

शिमलाः 171004. **सुन्दर सिंह वर्मा,**
दिनांकः 13 मार्च, 2015. **सचिव।**